प्रेषक,

उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद,
संस्कृत भवन–2, शाहमीना रोड, लखनऊ।

सेवा में,

जिला विद्यालय निरीक्षक,
समस्त जनपद, उ0प्र0।

पत्रांकः सं0परि0/ /2023–24 दिनांक 15-12- 2023

**विषयः उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा प्रदेय वर्ष 2023–24 की छात्रवृत्ति आवेदन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उ0प्र0 संस्कृत संस्थानम्, लखनऊ के पत्रांकः 655/सं0सं0/23 दिनांक 07.12.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उ0प्र0 संस्कृत संस्थानम्, लखनऊ द्वारा उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, लखनऊ से मान्यता प्राप्त संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् करने वाले छात्र/छात्राओं से http://sanskritsans.ulbup.in/ वेबसाइट के माध्यम से वर्ष 2023–24 के लिए दिनांक 25 दिसम्बर 2023 तक छात्रवृत्ति आवेदन प्राप्त किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया है।

अतः आप अपने स्तर से समस्त प्रधानाचार्य, संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों को छात्रवृत्ति आवेदन आमंत्रण की सूचना हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

**संलग्नकःउक्तवत्।**

भवदीय

(शिव लाल)
सचिव,
उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद,
संस्कृत भवन–2, शाहमीना रोड, लखनऊ।

पृ0सं0ः सं0परि0/ 38158-39518/2022–23 तद्दिनांक।

उपरोक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. शिक्षा निदेशक(मा0) एव अध्यक्ष, उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, 18 पार्क रोड, लखनऊ।
2. निदेशक, उ0प्र0 संस्कृत संस्थानम्, उ0प्र0।
3. समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।
4. उप शिक्षा निदेशक (संस्कृत) शिक्षा निदेशालय माध्यमिक, प्रयागराज।
5. निरीक्षक, संस्कृत पाठशालाएं, उ0प्र0 प्रयागराज।
6. समस्त मण्डलीय उप निरीक्षण संस्कृत पाठशालाएं, उ0प्र0।
7. समस्त प्रधानाचार्य, संस्कृत माध्यमिक विद्यालय, उ0प्र0।
8. कार्यालय प्रति।

15/12/2023
सचिव,
उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद,
संस्कृत भवन–2, शाहमीना रोड, लखनऊ।

6456

कार्या. फोन : (0522), 2780251, 2781352
ई–मेल : upsanskritsansthanam@yahoo.com

# उत्तर–प्रदेश–संस्कृत–संस्थानम्

(भाषा विभाग, उ.प्र. शासन के नियंत्रणाधीन)
संस्कृत–भवनम्, नया हैदराबाद, लखनऊ – 226 007
वेबसाइट : www.upsanskritsansthanam.in

पत्रांक 655/सं.सं./23
दिनाङ्क 07/12/23

प्रेषक,

निदेशक
उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान
लखनऊ

सेवा में,

सचिव,
उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद्,
शाहमीना रोड, लखनऊ

**विषयः उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा प्रदेय वर्ष 2023-24 की छात्रवृत्ति आवेदन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद् से मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययन करने वाले छात्रों से http://sanskritsans.ulbup.in/ वेबसाइट के माध्यम से वर्ष 2023-24 के लिए दिनांक 25 दिसम्बर 2023 तक छात्रवृत्ति आवेदन प्राप्त किया जाना है। उक्त की अधिसूचना वेबसाइट पर तथा इस पत्र के साथ संलग्न है।

अतः अनुरोध है कि छात्रवृत्ति आवेदन आमंत्रण की सूचना को परिषद् से मान्यता प्राप्त विद्यालयों तक प्रेषित कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(विनय श्रीवास्तव)
निदेशक

# उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम्, लखनऊ

छात्रवृत्ति आवेदन हेतु अधिसूचना
वर्ष- 2023-24

भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के नियंत्रणाधीन स्वायत्तशासी संस्था उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम्, लखनऊ की छात्रवृत्ति वर्ष 2023-24 हेतु उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद्, लखनऊ से मान्यता प्राप्त संस्कृत विद्यालयों में प्रथमा (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष समकक्षता कक्षा 6,7 एवं 8), पूर्व मध्यमा (प्रथम वर्ष), पूर्व मध्यमा (द्वितीय वर्ष), उत्तर मध्यमा (प्रथम वर्ष) उत्तर मध्यमा (द्वितीय वर्ष) में नियमित अध्ययनरत/प्रवेशित छात्रों से विद्यालय के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित है।

आवेदन की तिथि- 06 दिसम्बर 2023 से 25 दिसम्बर 2023 तक

विद्यालय पंजीकरण तथा छात्रवृत्ति आवेदन करने हेतु लिंक - https://sanskritsans.ulbup.in/

उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान् की वेबसाइट के ऑनलाइन मीनू बटन - https://upsanskritsansthanam.in

पात्रता मापदंड -

छात्रवृत्ति फॉर्म को भरने के लिए उत्तर प्रदेश के संस्कृत विद्यालयों में पढ़ रहे वे छात्र/छात्रायें पात्र हैं, जो -

1.**प्रथमा (प्रवेशिका) प्रथम वर्ष (समकक्षता कक्षा 6) का वर्तमान छात्र,** किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय से उत्तीर्ण कक्षा में 60 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण किया हो।

2.**प्रथमा (प्रवेशिका) द्वितीय वर्ष (समकक्षता कक्षा 7) का वर्तमान छात्र,** किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय से उत्तीर्ण कक्षा में 60 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण किया हो।

3.**प्रथमा तृतीय वर्ष (समकक्षता कक्षा 8) का वर्तमान छात्र,** : किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय से उत्तीर्ण कक्षा में 60 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण किया हो।

4.**पूर्व मध्यमा (प्रथम वर्ष) का वर्तमान छात्र,** जो देश के किसी भी मान्यता प्राप्त संस्कृत शिक्षा बोर्ड / विद्यालय से प्रथमा/समकक्ष कक्षा की परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण किया हो।

5.**पूर्व मध्यमा (द्वितीय वर्ष) का वर्तमान छात्र,** उत्तर प्रदेश के किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय से पूर्व मध्यमा (प्रथम वर्ष) की परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण किया हो।

6.**उत्तर मध्यमा (प्रथम वर्ष) का वर्तमान छात्र,** उत्तर प्रदेश के किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय से पूर्व मध्यमा (द्वितीय वर्ष) की परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण किया हो।

7.उत्तर मध्यमा (द्वितीय वर्ष) का वर्तमान छात्र, उत्तर प्रदेश के किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय से उत्तर मध्यमा (प्रथम वर्ष) की परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण किया हो।

**शर्तें :-**

1. समस्त कक्षाओं का ऑनलाइन छात्रवृत्ति आवेदन विद्यालय के माध्यम से प्राप्त किये जायेंगे।
2. एक शैक्षणिक सत्र के लिए वार्षिक छात्रवृत्ति देय होगी।
3. प्रथमा (प्रवेशिका) प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की कक्षा में उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ से छात्रवृत्ति पाये नियमित छात्रों को उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष तक की छात्रवृत्ति के लिए स्वत्तः प्रोन्नति होगी। शर्त यह है कि स्वतः प्रोन्नत वे छात्र/छात्राएँ वर्तमान में अध्ययनरत कक्षा के पूर्व की कक्षा में 60 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण किया हो।
4. प्राप्त आवेदन पत्रों में से (मेरिट) सर्वोच्च अंक की वरीयता के आधार पर छात्रवृत्ति हेतु निर्धारित संख्या के लिए सभी कक्षाओं के छात्र/छात्राओं का चयन किया जायेगा।
5. वर्तमान वित्तीय वर्ष में उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा छात्रवृत्ति हेतु चयनित होने वाले छात्र अन्य किसी संस्था से छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं करेंगे। वर्तमान वित्तीय वर्ष में अन्य संस्था से छात्रवृत्ति हेतु चयनित छात्र उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे।

**आवेदन की प्रक्रिया -**

क) छात्रवृत्ति आवेदन हेतु प्रत्येक विद्यालय https://sanskritsans.ulbup.in/ पर जाकर स्वयं के विद्यालय का लॉगिन करें।

ख) नवीन आवेदक विद्यालय सर्वप्रथम **विद्यालय पंजीकरण** के लिए मीनू बटन पर क्लिक कर विद्यालय कोड तथा जनपद कोड अंकित करें। विद्यालय के प्रधानाचार्य अपना दूरभाष जांच कर OTP प्राप्त कर लें। इस प्रकार विद्यालय का यूजर आई. डी. तथा पासवर्ड प्राप्त कर लें।

ग) छात्रों के छात्रवृत्ति आवेदन करने के लिए विद्यालय लॉगिन मीनू पर क्लिक कर पात्र छात्र/ छात्राओं का विवरण पूरित कराते हुए आवेदन की प्रक्रिया पूरी करें।

**छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए चयन का आधार**

छात्रवृत्ति के लिए न्यूनतम योग्यता पूर्व कक्षा के संस्कृत विषय में 60 प्रतिशत अंक का निर्धारण किया गया है। छात्रवृत्ति हेतु निर्धारित संख्या हेतु अस्थायी रूप से चयनित आवेदकों में अंक वरीयता में समान अंक प्राप्त अनेक अभ्यर्थियों की स्थिति में संस्कृत विषयक जिला, मण्डल, राज्य, अन्तर्राज्यीय स्तर की प्रतियोगिताएँ चयन का आधार होंगी। जिला, मण्डल, राज्य, अन्तर्राज्यीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए क्रमशः 02,03,04 एवं 05 अंक निर्धारित किये जायेंगे।

फार्म भरने के लिए आवश्यक प्रमाण पत्र -

1. अंतिम योग्यता परीक्षा की अंक तालिका (प्रथमा कक्षाओं में नामांकित छात्रों हेतु)

2. विद्यालय प्रवेश शुल्क रसीद की कापी अथवा एस.आर. रजिस्टर की छायाप्रति (प्रथमा कक्षाओं में नामांकित छात्रों हेतु)

3. वर्ष 2022 में विद्यालय अथवा उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद् में पंजीकरण संख्या (सभी कक्षाओं हेतु)

4. आवेदक का आधार कार्ड/संख्या (सभी कक्षाओं हेतु)।

5. नवीनतम पासपोर्ट साइज का चित्र (सभी कक्षाओं हेतु)।

6. आवेदक छात्र/ छात्रा का स्कैन किया हस्ताक्षर (सभी कक्षाओं हेतु)।

7. प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त प्रमाणपत्र का स्कैन किया फोटो (सभी कक्षाओं हेतु, यदि हो तो)।

8. छात्र/ छात्रा के बैंक पासबुक पर अंकित बैंक का नाम, खाता संख्या, IFSC कोड ।

**नोट-** बैंक खाता से आधार कार्ड का लिंक करना अनिवार्य है। अधूरे, धूंधले, अपाठ्य फोटो यक्ति आवेदन निरस्त कि दिए जाएंगें। छात्रवृत्ति हेतु चयनित छात्र/छात्राओं को देय वार्षिक धनराशि में से डाक व्यय सहित न्यूनतम रू. 500 की संस्कृत की पुस्तकें दी जाएगी। उक्त में से अवशेष छात्रवृत्ति की राशि का भुगतान छात्र के खाते में किया जाएगा। विद्यालय तथा छात्र https://sanskritsans.ulbup.in/ पर जाकर छात्रवृत्ति भुगतान की स्थिति देख सकेंगें।

छात्रवृत्ति के लिए किसी भी प्रकार का आवेदन शुल्क नहीं लिया जाएगा।

वर्ष 2023-24 हेतु निर्धारित छात्रवृत्ति की संख्या तथा धनराशि-

| कक्षा का नाम | छात्रवृत्ति की संख्या | छात्रवृत्ति की वार्षिक धनराशि |
|---|---|---|
| प्रथमा (कक्षा 6 से 8 तक) | 30 | रू0 2000.00 प्रत्येक |
| पूर्व मध्यमा (प्रथम वर्ष) | 20 | रू0 5000.00 प्रत्येक |
| पूर्व मध्यमा (द्वितीय वर्ष) | 20 | रू0 5000.00 प्रत्येक |
| उत्तर मध्यमा (प्रथम वर्ष) | 20 | रू0 6000.00 प्रत्येक |
| उत्तर मध्यमा (द्वितीय वर्ष) | 20 | रू0 6000.00 प्रत्येक |

प्रथमा, पूर्व मध्यमा तथा उत्तर मध्यमा के किसी वर्ष में निर्धारित संख्या में आवेदन प्राप्त नहीं होने की स्थिति में उन-उन कक्षाओं के अन्य वर्ष के छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जायेगी।

छात्रवृत्ति प्रदान किये जाने सम्बन्धी अन्तिम अधिकार निदेशक, उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ का होगा।

निदेशक